हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

04 पहली बार डिजिटल होगी जनगणना, जिले की...




07 स्टेट हाईवे किनारे बने मैरिज गार्डन्स के कारण...





## खबर संक्षेप

### 11 वर्षीय बालक को बाल श्रम से विमुक्त करवाया गया

**नर्मदापुरम।** बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति की कार्रवाई के उद्देश्य से गुरुवार को माखन नगर में संयुक्त जन जागरूकता अभियान चलाया। भ्रमण के दौरान विनोद बघेल की फल फ्रूट की दुकान में एक 11 वर्षीय बालक कार्यरत पाया गया। प्रकरण में श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई कर बालक को बाल श्रम से विमुक्त करा कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में सीडीपीओ सुषमा चौरसिया, बीआरसी श्याम सिंह पटेल, सुपरवाइजर अनुराधा असवारे,माखन नगर थाने से उप निरीक्षक कमलेश ठाकुर आरक्षक अनिल तुमराम विशेष किशोर पुलिस इकाई से प्रधान आरक्षक भुजराम सिंह उपस्थित रहे।

### आज होगा मां नर्मदा परिक्रमा का श्रीगणेश



**नर्मदापुरम।** आचार्य सोमेश परसाई के सान्निध्य आयोजित मां नर्मदा की परिक्रमा का आज सेठानी घाट से श्रीगणेश होगा । समिति सदस्य गौरव थापक ने बताया कि प्रातः 8 बजे नर्मदा मैया की पूजन अभिषेक के पश्चात चल समारोह के साथ परिक्रमा प्रारम्भ होगी । जिसमें नित्य प्रभातफेरी ,सत्संग,रुद्राभिषेक ,संध्योपासना आदि होगा साथ ही सभी विश्राम स्थलों पर नर्मदा मैया को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जागरूकता भी प्रचारित की जाएगी।

### बस स्टॉपेज प्रारंभ, जनहित में कांग्रेस की जीत

**इटारसी।** कांग्रेस पार्टी द्वारा व्यापारी, छात्र एवं आम जनता के हित में लड़ी गई संघर्षपूर्ण लड़ाई सफल हुई है। पुराने बस स्टैंड पर बसों के रुकने से व्यापारियों को व्यापार में सुविधा, विद्यार्थियों को आवागमन में राहत और आम जनता को सहूलियत मिली है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय एवं नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने प्रशासन, व्यापारी वर्ग, नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# राहवीर योजना: तमाशबीन नहीं, संवेदनशील समाज बनने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम की सड़कों पर बहता खून अब सिर्फ खबर नहीं रहा,यह हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण बन चुका है। पिछले वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग मारे गए। लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें से कई लोग दुर्घटना से नहीं, बल्कि समय पर मदद न मिलने से मरे। हादसे के दौरान जो फोटो वीडियों आते है उसमें सच कड़वा होता है, पर कहना ज़रूरी है। नर्मदापुरम जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य शहर और गांवों में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। यह केवल हादसे नहीं बल्कि किसी के बेटे, बेटी, पिता या भाई की अधूरी कहानी हैं। इन हादसों में लोग अपनी जान न गवाए इसी उद्देश्य से सरकार ने राहवीर योजना लागू की है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही, मदद करने वाले व्यक्ति को कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की जाती है, न तो अनावश्यक पूछताछ का डर, न ही एफआईआर में नाम दर्ज होने की बाध्यता। फिर भी जागरूकता की कमी और सामाजिक संकोच के कारण लोग आगे आने से हिचकते हैं। आवश्यकता है व्यापक जनजागरूकता की, ताकि हर नागरिक यह समझ सके कि उसकी छोटी-सी पहल किसी परिवार की दुनिया बचा सकती है। इस संबंध में यातयात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे के दौरान लोग तमाशबीन बन घायलों का वीडियों बनाते रहते है जो गलत है। जबकि उनकी जिम्मेदारी बनती है वह घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। इसी लिए सरकार ने राहवीर योजना शुरू की है। इस योजना में गंभीर घायल व्यक्ति की मदद कर उसे अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना में जिले से मापदंड पूरे होने पर एक प्रकरण ट्रांसपोर्ट कश्मिनर को भेजा गया है वहीं दो प्रकरणों को ओर भेजने की तैयारी है। जिले में योजना के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि गोल्डन ऑवर में घायल को उपचार उपलब्ध करवा सके। राहवीर योजना के तहत मरीज को कम से कम 3 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहना जरूरी है। जिले में ब्लैक स्पॉट भी धीरे-धीरे खत्म किए होते जा रह है। वर्ष 2023 में ब्लैक स्पॉट पर 3 सड़क हासदे हुए, जबकि 2024 और 2025 में 1-1 हादसा हुआ। नर्मदापुरम में एसपीएम रेलवे क्रांसिग के पास ब्लैक स्पॉट मौजूद है। जहां अंडर पास का प्रपोजल बनाकर भेजा है। जो 4 भुजाओं वाला होगा।

### जान बचाइए, सम्मान पाइए

- राहवीर योजना में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाइए और 25 हजार का सम्मान पाइए।
- 1 घंटे भीतर घायल को अस्पताल पहुंचाने वाला बनता है राहवीर का पात्र
- 25 हजार और प्रशस्ति पत्र,10 सर्वश्रेष्ठ रा-वीरों को 1 लाख राष्ट्रीय स्तर पर। एक राहवीर को साल में अधिकतम 5 बार पुरस्कार

### हिट एंड रन में मिलती है आर्थिक सहायता राशि

नर्मदापुरम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए राज्य शासन ने हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू है। इस योजना में अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इससे पूर्व मृतक के आश्रितों को केवल 25 हजार रुपए मिलते थे। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। पीड़ित,आश्रित निर्धारित प्रपत्र में तहसीलदार अथवा एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन के साथ बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल के उपचार संबंधी दस्तावेज, घायल,मृतक की पहचान एवं पते से संबंधित अभिलेख संलग्न करना आवश्यक होगा। संबंधित थाना प्रभारी द्वारा एफआईआर की प्रति, मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा गंभीर चोट की स्थिति में एमएलसी रिपोर्ट एवं अंतिम प्रतिवेदन तहसीलदार कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। दावा अधिकारी तहसीलदार या एसडीएम द्वारा 30 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

### खेड़ा क्षेत्र में चर्च के पास हुआ हादसा, बच्ची कर रही थी सड़क पार

# तेज रफ्तार, टूटी हदें: कार ने 11 साल की बच्ची को कुचला, हालत गंभीर

इटारसी के खेड़ा में 11 वर्षीय मासूम बच्ची सड़क पार करते समय कार चालक कि लापरवाही की शिकार हो गई। शहरी क्षेत्र में, जहां नियमों का पालन अनिवार्य है, वहां वाहन इतनी तेज रफ्तार से दौड़ा कि बच्ची हवा में उड़ गई। यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि शहर की सड़क सुरक्षा पर मौन चेतावनी है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। फुटेज स्पष्ट कर देता है कि नियमों की अनदेखी और लापरवाही ने मासूम की जिंदगी खतरे में डाल दी। सवाल यह उठता है कि कब तक हम सड़क सुरक्षा को सिर्फ शब्दों तक सीमित रखेंगे? मामले में पुलिस सीसीटीवी को आधार बनाकर जांच कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के इटारसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेड़ा में गुरुवार दोपहर एक खौफनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक बेलगाम तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही 11 वर्षीय मासूम बच्ची, शिवन्या रावत को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्ची फुटबॉल की तरह करीब 5 फीट हवा में उछली और फिर सड़क पर 15-20 फीट तक घिसटती चली गई। मानवता को शर्मसार करते हुए कार चालक बच्ची को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद परिजन शिवन्या को लेकर इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को




देखते हुए नर्मदापुरम जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां भी सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे तत्काल भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया है। शिवन्या के सिर, चेहरे और छाती में गंभीर चोटें आई हैं और उसे सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ हो रही है।

#### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

घायल बच्ची के पिता राजू रावत, जो खेड़ा में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, इस अचानक आए संकट से गहरे सदमे में हैं। पूरा परिवार अस्पताल के बाहर अपनी लाडली की सलामती की दुआ मांग रहा है। स्थानीय लोगों में इस हिट-एंड-रन मामले को लेकर भारी आक्रोश है।

#### पुलिस की कार्रवाई, सीसीटीवी खंगाल रही टीम

इटारसी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी चालक की तलाश तेज कर दी है। एसआई केएन रजक के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि वाहन के नंबर और मॉडल की पहचान हो सके। परिजनों और चश्मदीदों के बयान के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कार चालक और वाहन की पहचान लगभग सुनिश्चित की जा रही है और उसे जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# फेरों से पहले मांगे तीन लाख और मोटरसाइकिल

### नहीं देने पर लौटा ले गए बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में एक युवती की शादी उस समय टूट गई जब फेरों से ठीक पहले दूल्हा पक्ष ने तीन लाख रुपए नकद और मोटरसाइकिल की मांग कर दी। मांग पूरी न होने पर बारात बिना शादी के लौट गई। 12 फरवरी को भोपाल से बारात नर्मदापुरम पहुंची थी। शादी की सभी रस्में तय कार्यक्रम के अनुसार चल रही थीं और वरमाला भी हो चुकी थी। पीड़िता के अनुसार, पहले बातचीत के दौरान दूल्हा पक्ष ने केवल एक जोड़ी कपड़ों में विवाह करने की बात कही थी। लेकिन फेरों से पहले अचानक तीन लाख रुपये और बाइक की मांग रख दी गई। वधू पक्ष ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए असमर्थता जताई। इस पर दूल्हा और उसके परिजन शादी छोड़कर बारात वापस ले गए। घटना से युवती को गहरा सदमा लगा। करीब छह दिन बाद युवती ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दूल्हे मनीष और उसके पिता देवनारायण, निवासी भोपाल, के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच जारी है। पीड़िता के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में मां और एक भाई है। साधारण आर्थिक स्थिति के बावजूद युवती शिक्षित है। इस संबंध में एसडीओपी जितेंद्र पाठक का कहना है कि नर्मदापुरम निवासी बालिका का विवाह मनीष पिता देवनारायण डोडिया के साथ 12 फरवरी को तय हुआ था। दूल्हे के पिता देवनारायण ने दहेज में तीन लाख रुपए नकद ओर मोटरसाइकिल की मांग की गई। इन्होंने दहेज न मिलने पर शादी टाल दी और बारात लेकर लौट गए। कोतवाली में दहेज प्रतिषेध की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं कायमीकर्ता कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई दीपिका लोखंडे का कहना है कि पीड़िता ने आकर थाने में दूल्हा और उसके पिता के खिलाफ शिकायत की है।

# संयुक्त कार्रवाई में अवैध रेत जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले के शिवपुर से 3 ट्रैक्टर-ट्राली एवं सिवनीमालवा से 1 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते जब्त कर थाना शिवपुर एवं सिवनीमालवा में खड़ा किया गया है। वहीं गुरूवार को ग्राम-नानपा से 1 ट्रैक्टर-ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जप्त कर पुलिस थाना डोलरिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। तहसील पिपरिया से 1 डम्पर क्रमांक-एमएच 40 व्हाय 8340 को मिट्टी का अवैध परिवहन करते जब्त कर पुलिस थाना स्टेशन रोड पिपरिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। तहसील बनखेड़ी से 1 ट्रैक्टर-ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जब्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है।

उक्त कार्रवाई में जय सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, दिवेश मरकाम जिला



खनि अधिकारी नर्मदापुरम, सुनील गढवाल तहसीलदार डोलरिया, अंजू राजपूत तहसीलदार बनखेड़ी, पिंकी चौहान खनि निरीक्षक, आदित्य सेन थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया, गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी मंगलवारा पिपरिया, खुमान सिंह पटेल थाना प्रभारी डोलरिया, मनोज कुमार नामदेव नायब तहसीलदार पिपरिया, कीर्ति प्रधान नायब तहसीलदार सिवनीमालवा, कृष्णकांत सिंह परस्ते आदि मौजूद थे।

# दिन के तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को जिले के मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। दोपहर तक 38 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवा ने ठंड का अहसास और बढ़ा दिया। मौसम में आए इस बदलाव का असर तापमान पर भी साफ दिखाई दिया। दिन के अधिकतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद पारा 29.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि बादलों की मौजूदगी और तेज हवाओं के बावजूद जिले में कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव फिलहाल बना हुआ है, जिससे अगले एक-दो दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है। हालांकि न्यूतम तापमान पहले की तरह ही स्थित बना हुआ है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि शुक्रवार को बादल भी छट जाएंगे।

# जनगणना में पहली स्वगणना की सुविधा, एक मई से प्रथम चरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत की जनगणना 2027 के तहत इस बार पहली बार नागरिकों को स्वगणना की सुविधा प्रदान की गई है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में स्वयं दर्ज कर सकेंगे। जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ होने से 15 दिन पहले यह पोर्टल चालू हो जाएगा। मध्य प्रदेश में 1 मई से प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। स्वगणना पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में जानकारी अद्यतन करने के उपरांत संबंधित परिवार को एक विशिष्ट स्वगणना आईडी प्रदान की जाएगी। यह आईडी जनगणना प्रक्रिया के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणक जब सत्यापन हेतु संबंधित परिवार के पास पहुंचेगा, तब नागरिकों द्वारा प्राप्त स्वगणना आईडी प्रगणक को प्रस्तुत करनी होगी। प्रगणक द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से उक्त आईडी दर्ज कर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। यदि आईडी वैध पाई जाती है, तो प्रगणक द्वारा पोर्टल पर दर्ज जानकारी का प्रमाणीकरण किया जाएगा। जनगणना 2027 के कार्य के लिए राज्य,जिला,नगरपालिका स्तर पर तकनीकी सहायक,एमटीएस कर्मियों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी। तत्संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नर्मदापुरम अनिल कुमार जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे उक्त बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

### नर्मदापुरम की ऐतिहासिक जीत, दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा

# इंदौर को उसी के घर में 156 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेंस सीनियर महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर को 156 रनों से पराजित कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच डेली कॉलेज ग्राउंड, इंदौर में खेला गया। पहली पारी में इंदौर को मिली 81 रन की बढ़त मिली थी। नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। जिसमें यश दुबे 55 रन शामिल थे। इंदौर के सारांश सुराना 5 विकेट लिए थे। आकाश राजावत 4 विकेट के जवाब में इंदौर ने 255 रन बनाकर 81




रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

नर्मदापुरम की ओर से दूसरी पारी में यश दुबे और हिमांशु शिंदे की ऐतिहासिक साझेदारी हुई। पहली पारी में पिछड़ने के बाद नर्मदापुरम ने जोरदार वापसी की। पांचवें विकेट के लिए यश दुबे 242 रन और हिमांशु शिंदे 119 रन के बीच 261 रनों की शानदार साझेदारी ने मैच का रूख पूरी तरह बदल दिया। नर्मदापुरम ने दूसरी पारी में 491 रन बनाकर पारी घोषित की और इंदौर के सामने 410 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंदौर की दूसरी पारी लड़खड़ा गई। 410 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंदौर की टीम 254 रन पर सिमट गई। नर्मदापुरम की ओर से आर्यन देशमुख 3 विकेट,ऋत्विक दीवान 2 विकेट, हिमांशु शिंदे 2 विकेठ, पुलकित गिरी1 विकेट ने नर्मदापुरम को 156 रनों से जीत दर्ज करा दी और एक बार फिर ट्रॉफी अपने नाम की।

#### पुरस्कार वितरण समारोह

पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन के सचिव सुधीर आसनानी, डेली कॉलेज के बर्सर हर्षवर्धन सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव दुआ एवं मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा उपस्थित रहे।

# जिला कार्यकारिणी गठित : मालक सिंह फिर कुशवाहा समाज के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रांतीय कुशवाहा समाज संगठन की जिला नर्मदापुरम की कार्यकारिणी गठन की बैठक एवं आम सभा का आयोजन गुरुवार को सिद्धबाबा मंदिर में हुआ। जिसमें समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया गया।

सबसे पहले अतिथियों ने लवकुश भगवान का एवं सिद्धबाबा मंदिर स्थित भगवान शिव की प्रतिमा का पूजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रांतीय कुशवाहा समाज प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने मालक जी कुशवाहा के कुशल नेतृत्व को देखते हुए उन्हें पुनः नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नियुक्त




किया है। संगठन विस्तार हेतु भागीरथ कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष, किरण कुशवाहा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, अनिता सैनी जिला उपाध्यक्ष और पवन कपरिया कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गए। लक्ष्मी नारायण कुशवाहा को पुनः युवा जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रमोद बड़कुर प्रांतीय युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, सरवन कुशवाहा प्रदेश सचिव, जपं राजेश कुशवाहा माखन नगर ब्लॉक अध्यक्ष व लक्ष्मी नारायण सलैया कार्यकारि ब्लॉक अध्यक्ष बनखेड़ी नियुक्त किये गए हैं। इन नियुक्तियों में कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय संगठन के संस्थापक रामकिशन कुशवाहा, संभागीय अध्यक्ष रविशंकर कुशवाहा की स्वीकृति शामिल थी।

धर्मदास कुशवाहा, मदनलाल कुशवाहा, जयनारायण कुशवाहा, संतोष कुशवाहा और मुन्नालाल वर्मा को नव दायित्व की शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में अतिथि रूप में प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव खुशीलाल कुशवाहा, पूर्व महामंत्री गोपाल कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल मौर्य, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बम्होरिया, मदन पटेल, मोहन हिनखेरिया, कन्हैया लाल कुशवाहा, पुरुषोत्तम नेताजी, सुरेश वर्मा, बाबूलाल कुशवाहा, मनमोहन सिंह कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, सुरेश टेटवार, जगदीश कुशवाहा, महेश मुकदम, रविशंकर कुशवाहा, आरके कुशवाहा और राजेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में नरसिंहपुर व नर्मदापुरम जिलों से आए सामाजिक बंधु व मातृशक्ति मौजूद थी।

### पर्यवेक्षक एवं प्रगणक हर जानकारी मोबाइल डिवाइस के जरिए करेंगे एकत्रित

# पहली बार डिजिटल होगी जनगणना, जिले की आबादी 20 लाख पार होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है। पहली बार ये काम कागजों के बजाय मोबाइल एप से होगा यानि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। जाति आधारित आंकड़े भी जुटाए जाएंगे। 2011 में हुई जनगणना में जिले की आबादी 15 लाख 75 हजार से अधिक थी। करीब 15 साल अंतराल के बाद हो रही जनगणना में जिले की आबादी 20 लाख पहुंचने का अनुमान है। बता दे कि इस साल जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य होना है। मध्यप्रदेश राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक पूर्ण किया जायेगा।

जिसकी अधिसूचना मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में जारी की जा चुकी है। वैसे जनगणना 2 चरणों में होगी। लोग चाहे तो जनगणना से संबंधित जानकारियां स्वयं भी एप के जरिए ऑनलाइन दे सकते हैं। जनगणना के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य किया जायेगा। हालांकि जनगणना के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे जा चुके है। पूरी प्लानिंग हो चुकी है। शासन की मंशानुसार जनगणना का काम होगा और चरण बद्ध तरीके से काम को अंजाम दिया जाएगा।




### 8वीं बार जनगणना, दो चरणों में होगा काम

बताया जा रहा है कि यह आठवीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप से डाटा संकलन किया जाएगा। पूर्व की जनगणना की भांति ही इस जनगणना का कार्य दो चरणों में काम होगा। बताया जा रहा है कि प्रगणक 10 से 15 मिनट की चर्चा करेंगे। इसमें मुख्य रूप से पहली बार जाति से जुड़ी जानकारी भी ली जाएगी। परिवार के सदस्यों के नाम, उम्र, भाषा और शिक्षा का ब्यौरा लिया जायेगा। जानकारी फॉर्म के साथ-साथ एप में तुरंत फीड की जाएगी, जिसकी मॉनीटरिंग सीएमएस पोर्टल से होगी।

### जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन एवं सतत पर्यवेक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी समिति के अध्यक्ष रहेंगे, वहीं जिला जनगणना अधिकारी को समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। समिति में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी डीपीओ/डीएसओ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति जिले में जनगणना 2027 से जुड़ी सभी गतिविधियों की निगरानी, विभागीय समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी, जिससे जनगणना कार्य समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### ऐसे समझिए हर बार कैसे बढ़ रही जनसंख्या

जानकारी के अनुसार बैतूल जिला जनगणना-2011 पर एक नजर डाली जाये तो बैतूल जिला पोर्टल के अनुसार 2011 में वास्तविक जनसंख्या 15,75, 247 थी। जिसमें पुरूष जनसंख्या 799721 और महिला जनसंख्या 775526 थी। जनसंख्या वृद्धि 12.91 प्रतिशत दर्ज है। वहीं 2011 के अनुसार बैतूल जिले का लिंगानुपात 971 है। अब 15 साल बाद जनगणना का कार्य हो रहा है, ऐसे में जनसंख्या जिले की जनसंख्या करीब 20 लाख से ऊपर पहुंचने का अनुमान है। क्योंकि कई जिलों और प्रदेशों से लोग बैतूल में आकर बस गये है।

### जनगणना के दौरान पूछे जाएंगे यह सवाल

जनगणना के पहले चरण में हर घर से 33 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर), जनगणना मकान नंबर, फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान के उपयोग, मकान की हालत, परिवार क्रमांक, परिवार में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया का लिंग, क्यापरिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य से संबंधित है, मकान के स्वामित्व की स्थिति, परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपतियों की संख्या, पेयजल का मुख्य स्रोत, पेयजल स्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, शौचालय की सुलभता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानगृह की उपलब्धता, रसोई घर और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रॉंजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप/कम्प्यूटर, टेलीफोन/मोबाइल फोन/स्मार्ट फोन, साइकिल/ स्कूटर/मोटर साइकिल/मोपेड, कार/जीप/वैन, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाले मुख्य अनाज और मोबाइल नंबर आदि शामिल हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रेल लाइन पर बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया। मंडई खुर्द निवासी 50 वर्षीय मद्दा धुर्वे (पिता चैतु धुर्वे) की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम को मानस नगर स्थित ऑयल मिल के पीछे रेलवे लाइन पार करते समय हुई। रेलवे लाइन पार करते समय मद्दा धुर्वे अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनका हाथ और शरीर का पिछला हिस्सा गंभीर रूप से कट गया।

घटना की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने देखकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी। आरपीएफ ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जांच अधिकारी दीवान सिंह बनकर ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति कमजोर थी और वह अक्सर इधर-उधर घूमता रहता था। उन्होंने संभावना जताई कि रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसे एक हादसा बताया है और मृतक के शरीर पर ट्रेन से टकराने के निशान भी मिले हैं।

### बच्चों ने किया कुल्लू सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण

## 10 दिवसीय भ्रमण में सीखा अपशिष्ट जल प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भारत भारती जामठी बैतूल के द्वितीय वर्ष सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कुल्लू स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। प्लांट के प्रभारी देवी सिंह एवं बायो टेक्नोलॉजिस्ट दिनेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्लांट की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अपशिष्ट जल का शोधन किया जाता है और पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक ढंग से संचालित होती है। यह विषय द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण की रूपरेखा अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में तैयार की गई। भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. संदीप खाकरे एवं डॉ. अमित श्रीवास्तव विद्यार्थियों के साथ रहे।

## सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

**बैतूल।** सामाजिक जन कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज 20 फरवरी को सुबह 11 बजे शहीद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर करेंगे। बैठक में समिति के सभी सदस्यों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक में समिति के वर्तमान कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं एवं गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

## कलश यात्रा निकालकर शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



ग्राम भयावाड़ी में कलश यात्रा निकालकर शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। यहां आयोजिका गणेशी बाई घनकारे द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया।

जिसके पश्चात शिव महापुराण कथा दोपहर 4 बजे आरंभ की गई। कथा के प्रथम दिवस पचमढ़ी से पहुंचे पंडित राजुल पांडे का भव्य स्वागत फूल मालाओ से किया गया। कथा में सहयोग देने वाले सभी लोगों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस कथावाचक पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी के द्वारा ब्रह्मण बिंदुक और उनकी पत्नी चंचुला की जीवन लीला को श्रावणित कराया गया। कथा का विश्राम दिवस 24 फरवरी मंगलवार को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ होगा। कथा में प्रतिदिन संस्कृत पाठ सुबह 7 बजे से 10 बजे तक होगा। कथा प्रवचन का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4.30 बजे तक होगा।

## 10वीं के 15821 विद्यार्थियों ने 127 केंद्रों पर दी परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत गुरुवार को जिले में कक्षा 10वीं का संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 16260 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 15821 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 439 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 32 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा में 2 नकल प्रकरण बने। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

## वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता के वेस्टर्न रीजनल मुकाबले में बैतूल जिले के दो युवाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




अहमदाबाद में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता के वेस्टर्न रीजनल मुकाबले में बैतूल जिले के दो युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्राचार्य अजीश पंद्रे ने बताया कि कु. पूर्वी चौहान, जो वर्तमान में इंदौर में एनीमेशन पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रही हैं, ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

वहीं शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल के फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग ट्रेड के छात्र आयुष इवने ने सिल्वर मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल विजेता को 75 हजार रुपए और सिल्वर मेडल विजेता को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वेस्टर्न रीजन में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं दमन दीव के प्रतिभागी शामिल हुए। संस्था प्राचार्य श्री पंद्रे ने बताया कि वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित कौशल स्पर्धा है। इसे वर्ल्ड स्किल इंटरनेशनल द्वारा आयोजित किया जाता है। इसे स्किल का ओलंपिक भी कहा जाता है, इसका उद्देश्य युवाओं में व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देना है। जिला स्किल समन्वयक श्री सोनू लिल्होरे ने बताया कि फ्लोरिस्ट्री स्किल में प्रतिभागियों को निर्धारित समय सीमा में थीम आधारित पुष्प सज्जा, वेडिंग बुके निर्माण, सजावटी इंस्टॉलेशन, रचनात्मक डिजाइन तथा तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन करना होता है। विशेष गौरव की बात यह है कि दोनों प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नई दिल्ली जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। नोडल प्राचार्य शुभम वानखेड़े ने बताया कि यह सफलता बैतूल जिले के युवाओं के लिए एक संदेश है कि समर्पण परिश्रम और उचित मार्गदर्शन से वैश्विक मंच तक पहुंचना संभव है यह उपलब्धि जिले और प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है तथा कौशल आधारित शिक्षा की महत्व को दर्शाती है। प्रतिभागियों को संस्था प्राचार्य अजीश पंद्रे, नोडल प्राचार्य शुभम वानखेड़े, जिला स्किल समन्वयक सोनू लिल्होरे, वरिष्ठ प्रशिक्षक अधिकारी दिलीप कुमार सोनी, रेवाशंकर पंडाग्रे, श्रीमती पुष्पा नागले, श्रीमती विनीता पाटिल, फ्लोरीकल्चर ट्रेड के प्रशिक्षक दिलीप बेल एवं सोनू मराठा सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

### अंचल से उठी आवाज ने छुआ राष्ट्रीय मंच

## कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने सुरेश चव्हाणके से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



जन परिषद के इंटर स्टेट कमेटी सचिव एवं पत्रकार कल्याण परिषद के बैतूल जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने दिल्ली में देश के चर्चित पत्रकार सुरेश चव्हाणके से भेंट कर पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसके सामाजिक दायित्वों पर सार्थक चर्चा की। वर्षों से अंचल की समस्याओं को मुखरता से उठाते रहे कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने इस मुलाकात में ग्रामीण पत्रकारों की चुनौतियों, संसाधनों की सीमाओं और जमीनी रिपोर्टिंग के जोखिमों को विस्तार से रखा। उनकी पत्रकारिता केवल समाचार तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक जवाबदेही और जनहित को केंद्र में रखकर आगे बढ़ी है। क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय रहते हुए भी राष्ट्रीय मंच पर संवाद स्थापित करने की उनकी पहल, उनके बढ़ते प्रभाव और व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। दिल्ली में हुई इस आत्मीय भेंट के दौरान मीडिया की विश्वसनीयता, सामाजिक दायित्व और बदलते डिजिटल परिवेश में पत्रकारिता की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा हुई। 18 फरवरी को श्री चव्हाणके के जन्मदिवस के अवसर पर कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं और निरंतर सशक्त पत्रकारिता के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री की सक्रियता और संवादशीलता ने यह स्पष्ट किया है कि समर्पित पत्रकारिता की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती, जहाँ प्रतिबद्धता और दृष्टि हो, वहीं से राष्ट्रीय संवाद की शुरुआत होती है।

## दो दिवसीय बैतूल प्रवास पर आएंगे सैनिक कल्याण संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संचालक सैनिक कल्याण मप्र भोपाल ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल (से.नि.) 25 एवं 26 फरवरी को बैतूल, मुलताई और सारणी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों और उनके आश्रितों से सीधा संवाद करेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी को वे कारगिल चौक बैतूल पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं सुनेंगे। ब्रिगेडियर नायर 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे ग्राम मोही, मुलताई में द्वितीय विश्वयुद्ध की वीर नारी से भेंट करेंगे। इसके पश्चात 11 बजे शासकीय अस्पताल परिसर स्थित ईसीएचएस कैंप, मुलताई में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से संवाद करेंगे।

### जिले में 14 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

## लोक अदालत का एक ही सार, न किसी की जीत न किसी की हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय जिला न्यायालय बैतूल के साथ-साथ सिविल न्यायालय आमला, भैंसदेही, मुलताई तथा ग्राम न्यायालय, श्रम न्यायालय तथा उपभोक्ता फोरम में किया जाएगा। उक्त लोक अदालत में न्यायालयों लंबित एवं राजीनामा योग्य समस्त प्रकार के सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना एवं क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत अधिनियम, चैक बाउन्स, ट्रैफिक चालान एवं पारिवारिक व भरण-पोषण संबंधी वैवाहिक प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति व राजीनामा के आधार पर किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त बैंक ऋण वसूली, विद्युत के बकाया बिल, नगरपालिका के जल कर एवं दूरसंचार विभाग के टेलीफोन बिल के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी आपसी सहमति व राजीनामा के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल ने सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने विवादों व प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराते हुए नियमानुसार छूट का लाभ उठाएं, क्योंकि लोक अदालत से शीघ्र व सस्ता न्याय होता है। समय व धन की बचत होती है। कोर्ट फीस वापस होती है। इसके अतिरिक्त सौहार्द्र पूर्ण हल होता है तथा प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण हो जाता है, जो पक्षकार अपने प्रकरणों में राजीनामा कराने के इच्छुक है वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय बैतूल के साथ-साथ सिविल न्यायालय आमला, भैंसदेही तथा मुलताई में संपर्क कर सकते है।




### विद्युत प्रकरणों में राजीनामा के संबंध में अधिकारियों के साथ हुई बैठक

*14 मार्च को विद्युत प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण तथा पक्षकारों को विद्युत प्रकरणों में शासन द्वारा दी जाने वाली छूट प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल दिनेश चन्द्र थपलियाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला न्यायालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में विद्युत प्रकरणों के न्यायाधीश एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कैलाश नारायण अहिरवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय, महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बीएम बघेल, उप-महाप्रबंधक अभय कुमार गोप एवं योगेन्द्र चौधरी तथा विद्युत विभाग के पेनल अधिवक्ता तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों को संमन्स की तामिली, पक्षकारों की उपस्थिति, प्रीसिटिंग बैठक तथा जमा की जाने वाली राशि के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बिजली चोरी एवं बिजली के बकाया बिल आदि अधिक से अधिक लंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों में राजीनामा सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।*

## प्रतिभा योजना के आवेदन 20 फरवरी से पुनः शुरू

**बैतूल।** प्रतिभा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एमपीटास पोर्टल पर आनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 20 फरवरी से पुनः प्रारंभ की जाएगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल ने बताया कि एकेडमिक वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने उक्त वर्ष में निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया, किन्तु प्रतिभा योजना अंतर्गत आवेदन करने से वंचित रह गए एवं वर्ष 2025-26 में अनु.जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है, के लिए प्रतिभा योजना अंतर्गत एकाडमिक वर्ष 2023-24 वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 के लिए एमपीटास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पोर्टल पुनः ओपन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आनलाईन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 20 फरवरी एवं आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 निर्धारित की है।

### धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

## मराठा और कुंबी समाज ने निकाली रैली मरीजों को बांटे अंकुरित अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला क्षत्रिय मराठा समाज और क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों और रैलियों का आयोजन किया गया। दोनों संगठनों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम और शोभायात्राएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो चुकी हैं और कार्यक्रमों के जरिए समाजजनों को शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया है। क्षत्रिय मराठा समाज, बैतूल द्वारा सबसे पहले शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया।

इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर का भ्रमण करते हुए बैतूल गंज स्थित राधा कृष्ण धर्मशाला पहुंची। धर्मशाला में समाज के लोगों के लिए मंचीय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन ने सेवा कार्य के साथ अपने कार्यक्रमों की शुरुआत की। समाज के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को अंकुरित आहार का वितरण किया। इसके बाद छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन से एक विशाल रैली निकाली गई।



### ऑडिटोरियम में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक भवन से शुरू हुई यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिवाजी चौक पहुंची। यहां समाजजनों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद रैली का समापन ऑडिटोरियम में हुआ, जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे और पूर्व संगठन अध्यक्ष दिनेश महस्की विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, शिवाजी महाराज का जीवन पराक्रम, संगठन और स्वाभिमान की मिसाल है, जिससे हर पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन स्टॉपेज के लिए कांग्रेस की पदयात्रा 22 को

**माखननगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को माखन नगर तहसील क्षेत्र में ट्रेन स्टॉपेज की मांग को लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। क्षेत्र के एकमात्र बागरा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के बाद से अधिकांश यात्री ट्रेनों का ठहराव बंद है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पदयात्रा सुबह 11 बजे माखन चौक से शुरू होकर आंखमऊ, गुजरवाड़ा और मानेगांव होते हुए शाम 5 बजे बागरा पहुंचेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी ऊषा नायडू भी मौजूद रहेंगी। स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा और अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

### संचालक सैनिक कल्याण नर्मदापुरम के भ्रमण पर

**नर्मदापुरम।** ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल, संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल, 24 फरवरी को जिला नर्मदापुरम और 25 फरवरी को जिला हरदा के भ्रमण पर आ रहे हैं। इस दौरान वह पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। 24 फरवरी को ब्रिगेडियर अरुण नायर पिपरिया, इटारसी और नर्मदापुरम में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से भेंट करेंगे।

स्टेट हाईवे किनारे सरकारी जमीन पर मैरिज गार्डन वालों ने पटक रखी है सामग्री

# स्टेट हाईवे किनारे बने मैरिज गार्डन्स के कारण होती है यातायात की बाधा

**शहर में कुछ मैरिज गार्डन स्टेट हाईवे किनारे स्थित हैं, जहाँ संचालक निजी सामग्री शासकीय भूमि पर रखकर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। प्रशासन इन पर कार्रवाई करने में डरता है, क्योंकि कई संचालक राजनीति से जुड़े हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में कुछ मैरिज गार्डन स्टेट हाईवे किनारे स्थित हैं। जहां संचालकों द्वारा गार्डन की निजी सामग्री शासकीय भूमि पर हाईवे किनारे पटकी जाती है। जिसके कारण यातायात बाधित होता है। मामले में नागरिकों ने हरिभूमि को उक्त आशय की सूचना दी व बताया कि शहर में कुछ मैरिज गार्डन स्टेट हाईवे किनारे बनाए गए हैं। जहां गार्डन संचालकों द्वारा गार्डन के उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री स्टेट हाईवे के किनारे शासकीय भूमि पर पटकी जाती है। जबकि निजी सामग्री को संचालकों द्वारा परिसर में रखना चाहिए। लेकिन प्रभावी संचालक शासकीय भूमि पर अपनी सामग्री पटकते हैं। जिसके कारण समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नागरिकों का कहना है कि मैरिज गार्डन संचालक राजनीति में हैं। और इन पर कार्रवाई करने से प्रशासन डरता है। सीएम राइज़ स्कूल के समीप एक मैरिज गार्डन है, जिसकी उपयोगी सामग्री स्टेट हाईवे किनारे ही वर्षों से रखी जा रही है, लेकिन प्रशासन मौन रहा है। जिसके चलते यातायात की बाधा उत्पन्न होती ही रहती है।

### दबाव में प्रशासन..?

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि गार्डन प्रबंधनों पर अवैध पार्किंग व सरकारी भूमि पर निजी सामग्री रखने पर कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन गार्डन संचालकगण राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। जिनके समर्थक प्रशासन पर दबाव बनाने आंदोलन जैसे कदम उठाते हैं। इसलिये प्रशासन प्रत्यक्ष कार्रवाई से बचता है तथा अपेक्षा करता है कि जनता शिकायत करे, तो कार्रवाई हो। वहीं नागरिकों का कहना है कि राजनीतिक दलों का आंदोलन जनहित में हो, तब तक तो उचित है। लेकिन स्वयं के द्वारा की जाने वाली गड़बड़ियों को ढांकने के लिए आंदोलन करना या करवाना जनबल का दुरुपयोग है। जनता निराश है कि शहर में गलत करने वालों पर कभी कार्रवाई नहीं होती है। वहीं जनता को अपेक्षा भी है कि कभी तो कोई अधिकारी सोहागपुर में आएगा जो जन मन की आस को समझ समस्या निराकरण के लिये प्रयास नियंत्रण करेगा।

### यहां होती है परेशानी

नागरिकों ने बताया कि शहर में तीन मैरिज गार्डन स्टेट हाईवे किनारे व कुछ मैरिज गार्डन अंदरूनी मार्गों पर हैं। लगभग सभी मैरिज गार्डन के सामने यातायात की बाधा उत्पन्न होती है। लेकिन स्टेट हाईवे किनारे स्थित तीन प्रमुख मैरिज गार्डन के सामने सर्वाधिक परेशानी होती है। इनमें से एक मैरिज गार्डन नगर परिषद कार्यालय के समीप है। दूसरा गार्डन सीएम राइज़ स्कूल के सामने है। तीसरा गार्डन नर्मदापुरम रोड पर शहर के बाहर है। इनमें से सर्वाधिक परेशानी सीएम राइज़ स्कूल के समीप वाले गार्डन है। यहां विवाहों के समय यातायात बाधित होता है। अति व्यस्त क्षेत्र होने के कारण सर्वाधिक परेशानी यहीं होती है। गार्डन के सामने हाईवे किनारे अवैध पार्किंग व सामग्री पटकने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है।

### लेआऊट चैक कराएंगे

क्षेत्र के सभी मैरिज गार्डन के लेआउट चैक करेंगे। यह बात सही है कि जाम की समस्या होती है। जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी।

**प्रियंका भल्लावी, एसडीएम सोहागपुर**

## शा. कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सेमिनार का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित कर समन्वित विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में एम एल बी महाविद्यालय भोपाल के पूर्व प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा में निहित ज्ञान आज भी वैज्ञानिक परीक्षण की कसौटी पर खरा उतर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय कुसुम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के रघुवंशी एवं वरिष्ठ प्रोफसर डॉ. एके यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने बताया कि दो दिनों तक विभिन्न सत्रों में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वानों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें भारतीय गणित, धातुकर्म, चिकित्सा पद्धति, जल प्रबंधन, लोक विज्ञान तथा सांस्कृतिक परंपराओं के वैज्ञानिक आधार पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ता के रूप में पुणे से संतोष इंजीनियर मालवीय जो टाटा टेक्नॉलॉजी लिमिटेड में मैनेजर हैं, ने सॉफ्टवेयर टेस्टिंग ऑटोमेशन एवं टेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान दिया। संस्था के डॉ. मनीष दीक्षित ने नैनो टेक्नोलोजी विषय पर अपना व्याख्यान दिया। संस्था के ही डॉ. सतीश बालपुरे ने प्राचीन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सहसंयोजक रहे डॉ. गजेंद्र वाईकर ने भी क्रिप्टोग्राफ़ी विषय पर व्याख्यान दिया। सेमिनार के संयोजक प्रोफेसर रजनीश जाटव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कुल 25 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

## शाखा से किसानों को क्रेडिट कार्ड मिलना अभी तक शुरू नहीं हुए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत के किसानों को मध्य प्रदेश शासन द्वारा पिछले वर्ष आर्थिक सहायता देने के लिए क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए थे, लेकिन अब तक इन्हें चालू नहीं किया गया है।

इससे किसान परेशान हो रहे हैं और बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक अजब सिंह पटेल ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार, अप्रैल 2026 में सभी क्रेडिट कार्ड सक्रिय कर दिए जाएंगे। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के पदाधिकारी श्रीकांत चौधरी ने भी इसकी पुष्टि की और किसानों की समस्या को जल्द हल करने की आवश्यकता जताई।

## विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत हुईं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



बुधवार 18 फरवरी 2026 को मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत बजट 2025–26 में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मिली है। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग अंतर्गत क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्यों को बजट में स्वीकृति प्रदान की गई है। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के स्थानीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सांगाखेड़ा कलां में कृष्णा कुमार तिवारी के यहां से तीन इमली रास्ता, चपलासर हाईस्कूल से दड़ा होते हुए बड़ी बालामेंट में कमल कीर तक पांच किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु सात करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं बागड़ा से नया घोड़ानाल, पर्रासपानी, महेंद्र वाड़ी, नया चूरना, नया काकड़ी, नया बोरी, नया साकई, नया काजरी, पथरई मार्ग में 0.35 किमी के लिए 1.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। शिवपुर से तालकेसरी मार्ग चार किमी के निर्माण हेतु 2.60 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अजनेरी से झिरमटा मार्ग 2.60 किमी के लिए 3.12 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। नदी टोला से पुल सहित ईशरपुर होते हुए पलकेश्वर धाम तक 3.25 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### बढ़ेगी सुविधा

विधायक विजयपाल सिंह एवं क्षेत्रीय भाजपा नेताओं के अनुसार इन सभी सड़कों के निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। भाजपाईयों के अनुसार क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। तथा ग्रामीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। क्षेत्रवासियों ने सड़कों की स्वीकृति पर विधायक विजयपाल सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सोहागपुर विधानसभा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## 8 दिन में हुए 135 पंजीयन, सरकार ने बढ़ाई लक्ष्य पूर्ति के लिए पंजीयन तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सरकार की मानधन योजना अंतर्गत जीवन बीमा योजना का लाभ पंजीकृत ई-श्रमिकों को मिलना है। सोहागपुर नप द्वारा पात्र हितग्राहियों के पंजीयन किए जा रहे हैं। लेकिन अब तक 135 हितग्राहियों का ही पंजीयन किया जा सका है।

सोहागपुर नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 फरवरी से 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों का मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन किया जा रहा है। लेकिन अभी तक मात्र 135 लोगों का ही पंजीयन हो सका है। जबकि शहर के 15 वार्डों में 15 वार्ड प्रभारी पात्र हितग्राहियों को खोजने एवं उनका पंजीयन करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन चूंकि प्रतिमाह बीमा की निर्धारित राशि हितग्राहियों को सरकार को देनी होगी, इसलिए पंजीयनों की संख्या बहुत कम है।




अधिकारियों के आदेश के बाद लगातार वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में प्रयासरत हैं। लेकिन लक्ष्य प्राप्ति नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख को विस्तार दिया गया है। वही नगर परिषद कार्यालय में पंजीयन कार्य बंद हो चुका है। योजना से जुड़े नगर परिषद कर्मचारियों ने बताया कि संबंधित डाटा ऑपरेटर द्वारा अपनी दुकान पर पंजीयन किए जा रहे हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र में पासा नदी में भरे जहरीले पानी की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



बीजनवाड़ा में औद्योगिक क्षेत्र से फैल रहे प्रदूषण को लेकर जनआक्रोश तेज हो गया है। रेवा सेवा भक्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम पटेल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिब खान को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले दूषित पानी पर तत्काल रोक लगाने और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों को बचाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे, अन्यथा हालात गंभीर हो सकते हैं। आवेदन में उल्लेख है कि पचमढ़ी रोड स्थित पनारी पंचायत के औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला रासायनिक तत्वों से युक्त गंदा पानी पासा नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर तो बढ़ा है, लेकिन प्रदूषित पानी घरेलू जल स्रोतों में मिलकर लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल दूषित होने से बीमारियों की आशंका बढ़ गई है।इस मामले में उप जेल अधीक्षक मनीष पवार ने भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि राइस मिल से उड़ने वाला भूसा जेल परिसर और आसपास के शासकीय आवासों तक पहुंच रहा है, जिससे बंदियों और कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। जेल की दीवार से सटाकर फैक्ट्री निर्माण किए जाने से सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं।वहीं वेयरहाउस राइस मिल संगठन पिपरिया के अध्यक्ष महेश दुदानी का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र जिला प्रशासन द्वारा लीज पर आवंटित भूमि पर विकसित किया गया है, इसलिए उद्योगों को हटाने का प्रश्न नहीं उठता। हालांकि उन्होंने सभी पक्षों से चर्चा कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या ठोस कदम उठाता है।

### शहीद भगत सिंह कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया




**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी और प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके मेहरा ने प्रेरणादायक उद्बोधन के साथ किया। उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई की और पौधारोपण किया। सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हुई इनामी जस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखन नगर




श्री हरदोल बाबा उत्सव समिति आंचलखेड़ा द्वारा विशाल इनामी जस प्रतियोगिता का आयोजन हरदौल बाबा प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक जस मंडल ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000/ सरस्वती जस मंडल बुधवाडा को प्रदान किया गया, द्वितीय पुरस्कार 15000/ श्री राम जस मंडल सीटियां गोहना सोहागपुर, तृतीय पुरस्कार 11001/ शिव शक्ति जस मंडल भटवाड़ा चतुर्थ पुरस्कार 7001/ जगदंबा जस मंडल मालाखेड़ी , पंचम पुरस्कार 5001/ महावीर जस मंडल ढोड़ई, छठवा पुरस्कार 3001/ श्री कृष्णा जस मंडल उदयपुरा नरसिंहपुर, सातवां पुरस्कार 2001/ मां सरस्वती जस मंडल पर पहारखेड़ी सोहागपुर ,को प्राप्त हुआ एवं समिति द्वारा 8 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। श्री कृष्णा जस मंडल मजलपुर, भोला जस मंडल मालाखेड़ी, गणेश जस मंडल पांजराकला, शिव आराधना जस मंडल माना गांव , दुर्गा जस मंडल भानपुर, नर्मदा जस मंडल आंखमहु, नवदुर्गा जस मंडल मरोड़ा, मां नर्मदा जस मंडल नसीराबाद , को 2000/ पुरस्कार दिए गएजस प्रतियोगिता में 29 मंडलों ने 10 प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में हरदोल बाबा उत्सव समिति के आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह जस मंडल उत्साह वर्धन किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विपिन यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव, उमेश यादव जिला पंचायत सदस्य , कुंवर सिंह यादव जिला महामंत्री, जनपद सदस्य राजकुमारी यादव ओम प्रकाश यादव टंटी, पूर्व जनपद सदस्य ओमप्रकाश यादव, सरपंच आशा घुरेले एवं ग्राम के ग्राम गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित मंच संचालन गुजर वाड़ा के विजय दुबे ने किया।

### जनगणना 2027 के लिए तकनीकी सहायक और एमटीएस कर्मियों की भर्ती हेतु बैठक 20 फरवरी को

**नर्मदापुरम।** जनगणना 2027 के कार्य के लिए राज्य/जिला/नगरपालिका निगम/चार्ज स्तर पर तकनीकी सहायक/एमटीएस कर्मियों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी। तत्संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नर्मदापुरम श्री अनिल कुमार जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे उक्त बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सात दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखन नगर




श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 द्वारा प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में ग्राम गूजरवाड़ा में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्रथम दिवस पर स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत भवन और शासकीय हाई स्कूल परिसर की सफाई और सजावट की, दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई, तथा राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ एनएसएस ध्वज लगाया गया। प्रमुख अतिथि प्रताप सिंह यादव, सरपंच ने युवाओं के प्रयासों की सराहना की। दूसरे और तीसरे दिन रामफेरी, प्रार्थना, योगा, सफाई अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, रैली, खेल, बैठक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ. कविता दुबे, डॉ. प्रेमानंद, रमा चावरा ने स्वास्थ्य, ध्यान और परियोजना गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों में अनुराग दीवान, अभिषेक मिश्रा समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी से शिविर गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

शोध प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति कौशल का विकास बढ़ाने

## विद्यार्थियों के लिए विभागीय सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप एमए (हिंदी) प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विभागीय सेमिनार का गरिमामय आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष तनय सितोरे एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. कैलाश चन्द्र विश्वकर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में सेमिनार की महत्ता एवं व्यक्तिव पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की चर्चा की।



मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय, भेल (भोपाल) के सहायक प्राध्यापक डॉ. कमलेश सिंह नेगी ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए और विद्यार्थियों को शोध पत्र लेखन की बारीकियों एवं कबीर के दार्शनिक चिंतन पर अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक का परिचय देते हुए पीपीटी के माध्यम से 'कबीरदास जी का दार्शनिक चिंतन', 'देवनागरी लिपि का विकास क्रम' एवं 'राजभाषा की भूमिका में हिंदी' जैसे गंभीर विषयों पर अपने मौलिक शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुति देने वाले मुख्य विद्यार्थियों में कोमल गौर, वैशाली गोस्वामी और सुहानी मेहरा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके यादव एवं डॉ सुनील कुमार सोनी, डॉ. मोहन सिंह गुर्जर, प्रेमनारायण परते, कमल सिंह अहीरवार, डॉ. नवनीत सोनारे, अभिषेक गोलाइत, विजयश्री मालवीय, डॉ. निधी छिपा एवं डॉ. रश्मि सोनी सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. कैलाश चन्द्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

## सांदीपनी विद्यालय में कक्षा 5वीं के छात्रों को दी गई भावुक विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी




स्थानीय सांदीपनी विद्यालय में बीते मंगलवार, 17 फरवरी 2026 को कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जहाँ एक ओर उत्साह और उमंग का माहौल था, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों से बिछड़ने के अहसास ने मासूम बच्चों की आँखें नम कर दीं। समारोह का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। हालांकि, कार्यक्रम के मध्य में कई छात्र अपने शिक्षकों से दूर जाने की बात को लेकर अत्यधिक भावुक हो गए और रोने लगे। शिक्षकों ने उन्हें गले लगाकर ढांढस बंधाया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। शाला परिवार की ओर से विदाई ले रहे बच्चों को स्मृति चिह्न और उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेश सूर्यवंशी, संजय टिकर, शाहीन मंसूरी, अंसार खान, उमा नावडा, अंकित पाल एवं आउट सोर्स कर्मचारी मोनू अहिरवार, शुभेंद्र जगत और दुर्गेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विधि महाविद्यालय के लिए 547.34 लाख स्वीकृत

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल की मांग पर शासकीय विधी महाविद्यालय की स्वीकृति हुई है। शासकीय विधी महाविद्यालय की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने आभार व्यक्त किया। मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से पत्र लिखकर मांग की गई थी। हमारी मांग को स्वीकृति दे दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत करवाया गया है कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विधी महाविद्यालय हरदा की 547.34 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए। सौरभ तिवारी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में हरदा के लिए बड़ी उपलब्धि है जो पूर्व मंत्री कमल पटेल की देन है। हरदा जिले के छात्र-छात्राओं के लिए विधि लॉ कॉलेज नहीं था। जिसकी स्वीकृति पूर्व मंत्री कमल पटेल की मांग पर पूरी हुई है।

### कारखाने अग्नि सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट अपलोड करें

**हरदा।** कार्यालय श्रम पदाधिकारी हरदा ने जिले के सभी कारखानों एवं संस्थानों को अग्नि सुरक्षा ऑडिट एवं एनओसी संबंधी दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार सभी संचालकों को अपने-अपने कारखानों एवं संस्थानों की अद्यतन अग्नि सुरक्षा ऑडिट/एनओसी की प्रति एम.पी. पोर्टल पर जाकर आवश्यक रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अपलोडिंग हेतु लॉगिन आईडी में कारखानों का एफ.ए.सी. एवं स्थापना का लाइसेंस नंबर दर्ज करना होंगा।

### सलोनी और नरसिम्हा को हृदय रोग उपचार हेतु भोपाल रवाना किया

**हरदा।** गंभीर हृदय रोग से पीड़ित 13 वर्ष की सलोनी पिता मंगल सिंह एवं दो वर्ष के नरसिम्हा पिता पंचम को निजी चिकित्सालय में निशुल्क सर्जरी हेतु भेजा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इन बच्चों का निशुल्क उपचार होगा । बच्चों को घर से लाने एवं भोपाल स्थित निजी चिकित्सालय में छोड़ने की व्यवस्था भी पूर्णतः निःशुल्क की गई है । डीईआईसी हरदा स्टाफ द्वारा बच्चों को बिस्किट भेंट कर रवाना किया। इस दौरान डॉ. पूजा मुकाती, डॉ. मनीराम उईके, आशीष साकल्ले, नीरज मालवीय, पारुल काशिव, विकास राजपूत एवं 108 संजीवनी स्टाफ मौजूद रहा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि हरदा जिले में 93 बच्चों की विभिन्न सर्जरी अब तक करवाई जा चुकी है। जिनमें हृदय रोग के 10, कटे होंठ फटे तालु के 11, क्लब फुट में 9 बच्चे एवं कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी 02 बच्चों की करवाई जा चुकी है। ये सभी सर्जरी आरबीएसके/आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश अंतर्गत निशुल्क करवाई गई है।

### किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत उप सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से 7 मार्च तक होगा। जिन किसानों का पंजीयन शेष है, वे निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश आधार लिंक खाते में भुगतान संभव नहीं हो पाता है, तो पंजीयन के समय उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में राशि अंतरित की जाएगी।

# डॉ हेडगेवार का युवावस्था में क्रांतिकारियों से बहुत निकट का संबंध था: भागैया

**प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन: अलग-अलग क्षेत्र के प्रमुख जन हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के हरदा डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भागैया रहे। इस आयोजन में अलग-अलग क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख जन शामिल हुए। प्रारंभ में प्रमुख वक्ता ने संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार के बारे में बताया कि वह जन्मजात देशभक्त थे युवावस्था में उनका क्रांतिकारियों से बहुत निकट का संबंध था। वह कांग्रेस के भी सदस्य बने वह स्वतंत्रता आंदोलन के लिए दो बार जेल भी गए। बाद में ध्यान में आया कि आत्मविस्मृति, आत्म केंद्रित जीवन और संगठन के अभाव के कारण हम इतने वर्ष अंग्रेजों के गुलाम रहे इसलिए देश और समाज के प्रति जागरुक, संवेदनशील मनुष्यों का निर्माण आवश्यक है। इस कार्य के लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जो पिछले 100 वर्षों से हिंदू संगठन के कार्य में लगा हुआ है। उन्होंने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे







अनेक महापुरुषों से संवाद किया। भागैया ने बताया कि संघ के कार्यकर्ता अब समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने आगामी वर्षों के लिए पंच परिवर्तन के क्षेत्र में काम करने का सभी प्रमुख जनों से आवाहन किया। जिनमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी एवं स्व का भाव एवं नागरिक कर्तव्यबोध के क्षेत्र सम्मिलित है। कार्यक्रम के पश्चात श्री भागैया जी ने जिज्ञासु श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर संघ के विभाग संघचालक धन्नालाल दोगने, जिला सहसंघचालक नरेंद्र भामू, संघ के क्षेत्र गौसेवा प्रमुख बृज किशोर भार्गव एवं प्रांत सेवा प्रमुख विक्रम तथा बड़ी संख्या में हरदा के प्रमुख एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

**सिंधी समाज, व्यापारियों ने कलेक्टर और एसपी के नाम ज्ञापन दिया**

# बाइक शोरूम में कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना के बाद व्यापारियों में नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के एक शोरूम में बुधवार दोपहर कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना के बाद व्यापारियों में नाराजगी है। गुरुवार को सिंधी समाज और अन्य व्यापारियों ने कलेक्टर और एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की मांग की। सिंधी समाज के सचिव जयपाल धामेजा ने बताया कि शुभम पंडित, गोविंद लोखंडे, अरुण केथवास और आकाश गोस्वामी नाम के चार लोग सुरजीत बजाज के शोरूम में जबरन घुस आए। उन्होंने कर्मचारी से गाली-गलौज की, मारपीट की और शोरूम के सामान को नुकसान पहुंचाया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना से बाजार में डर का माहौल बन गया है। मामले में थाना सिविल लाइन हरदा में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि यह सिर्फ एक दुकान की घटना नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी वर्ग की सुरक्षा का मामला है। व्यापारियों ने मांग की है कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त धाराओं में कार्रवाई की जाए और बाजार में पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाए। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने मामले में संज्ञान लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

मालूम हो कि हरदा के इंदौर रोड स्थित बजाज शोरूम में बुधवार दोपहर सर्विस फीडबैक मांगने पर एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सर्विस एडवाइजर ने ग्राहक को फोन कर गाड़ी की सर्विसिंग का फीडबैक मांगा था, जिस पर वह भड़क गया। करीब दो घंटे बाद आरोपी अपने तीन साथियों के साथ शोरूम पहुंचा और कर्मचारी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शोरूम के अन्य कर्मचारियों- नंदकिशोर गूजर, धीरज तिवारी और शईद मंसूरी ने बीच-बचाव कर प्रसंग को बचाया। जाते-जाते चारों हमलावरों ने प्रसंग को दोबारा फोन करने पर जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइन थाना टीआई आर.एस. तिवारी ने बताया कि प्रसंग शर्मा की शिकायत पर अरुण, शुभम, गोविंद और एक अन्य अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

# दूसरे दिन हुआ शयनाधिवास आज प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुर्जर मंगल भवन के पास स्थित करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर में गुरुवार को राधा कृष्ण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन पंडित हरिओम जोशी के मार्गदर्शन में अग्निस्थापन हवन,महास्नान हुआ। इसके बाद जलाधिवास, अन्नाधिवास, फूलाधिवास, फलाधिवास, मिष्ठानाधिवास हुआ।

वहीं राधा कृष्ण भगवान को विधि विधान से शयनाधिवास कराया गया। पूजन के दौरान किशोरीलाल करोड़े, हरिओम करोड़े ने पंडित हरिओम जोशी, पंडित सुशील जोशी, पंडित विमल तिवारी, पंडित अभिषेक पंडा,पंडित मुकेश पुरोहित, पंडित सचिन मिश्रा, पंडित आदित्य जोशी, पंडित विष्णु सहित पंडितों के निर्देशन में पूजन किया। इस दौरान करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश पाराशर, पंडित राजेश पांडे, श्याम सोकल, डॉ जीआर करोड़े, जगदीश विश्वकर्मा, रामकृष्ण पाटिल, डॉ अनिल मुकाती, बंशीधर करोड़े, मुरलीधर करोड़े, पलाश करोड़े, नवनीत शुक्ला, राहुल गुर्जर, मनोज करोड़े, कमलेश करोड़े, चिरंजीव करोड़े, उत्तम सिंह चौहान, दीपक शुक्ला सहित श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन दिवस पर शुक्रवार को महान्यास,देव प्राणप्रतिष्ठा,पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी। समिति से जुड़े मुकेश पाराशर ,दिनेश करोड़े, डॉ अनिल मुकाती ने श्रद्धालुओं से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# शिविर में 683 दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिले में 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों के चिंहांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद पंचायत प्रागंण टिमरनी में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविर स्थल पर क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी अंचल से 66 दिव्यांगजनो का पंजीयन किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र के विशेषज्ञो द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो, छात्रावास एवं विद्यालयों में पहुंचकर 683 छात्र-छात्राओं एवं बच्चो की स्कीनिग का कार्य किया गया।




### वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**हरदा।** वृद्धाश्रम हरदा में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से गुरुवार को वरिष्ठजन के लिए हॉलिस्टिक वेल बींग कैंप का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल वर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में डॉ मिताली वर्मा द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क औषधि वितरित की गई। इसके साथ स्वस्थ रहने संबंधी सलाह भी दी गई। वृद्ध जनों के अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से आयुर्वेद एवं जीवन शैली से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी वृद्ध जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें सुभाष गोखले, सोहनलाल सांकले एवं हरिराम विजेता रहे। विजेताओं द्वारा आयुष विभाग के माध्यम से पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग के डॉ. मीनाक्षी चौरसिया एवं गुलाब यदुवंशी द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

**जनगणना अधिकारियों का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न**

# जनगणना 2027 के अंतर्गत दो चरणों में होगा कार्य, प्रथम चरण में होगी मकान की गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का प्रथम दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय भी मौजूद थे। आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 से 30 मई की अवधि में किया जाएगा। जनगणना 2027 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

इन्हें जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक, तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे। जनगणना के सहायक निदेशक अनामिका जैन एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-कक आयुषी भावसार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया गया कि जनगणना



दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा।

**निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए और फल के लिए ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए**

# मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में है: पंडित प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में है। निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए और फल के लिए ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि वे ही सब कुछ नियंत्रित करते हैं। महादेव पर विश्वास रखना हमें हर मुश्किल से बाहर निकालता है। सच्ची मेहनत से ही जीवन में सफलता मिलती है, जिसे भगवान सही समय पर देते हैं। जब सब कुछ शिव के हाथ में है, तो व्यर्थ की चिंता न करें और महादेव के नाम का स्मरण करें। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतर्गत भव्य शिव महापुराण के पांचवे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, कथा वाचक राघव मिश्रा, पंडित शिवम मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि ने सुबह धाम पर रुद्राक्ष निर्मित शिव लिंग का विशेष अभिषेक किया।

**श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते :** पंडित मिश्रा ने कहाकि सच्चा इंसान वही है जो किसी और के दर्द और तकलीफ को समझे, तस्वीर और तकलीफ में अंतर है। तस्वीर में साथ खड़े होने वाले तकलीफ में साथ नहीं खड़े होते है। दर्द, विपत्ति और तकलीफ में तो भगवान शिव ही आपके साथ खड़ा होगा। शिव का द्वार ही ऐसा ही जहां आपकी तकलीफ का समाधान होगा। इसलिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते है।



**रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर बनेगा सेवा और वैज्ञानिक शोध का वैश्विक केंद्र, विश्वास ही साक्षात शिव है:** पंडित प्रदीप मिश्रासीहोर की पावन धरा पर जारी 'शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिन रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर की भविष्यगामी योजनाओं और आध्यात्मिक चेतना पर विस्तृत चर्चा हुई। महोत्सव में लाखों की संख्या में उमड़े जनसैलाब के बीच धर्म, विज्ञान और सामाजिक संस्कारों का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। उन्होंने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में बने 75 एकड़ के भव्य कुबेरेश्वधाम में पांच दिन से चल रही शिव महापुराण कथा में भक्ति का समुद्र लहरा रहा है। कितने ही ऐसे परिवार रोज पहुंच रहे हैं, जिनके शिव की भक्ति करने बाद जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। वे चि_ी के जरिए अपने दुखों को हरे जाने की कहानी बताते हैं। कैसे एक लोटा जल शिवजी को चढ़ाया और उनकी दुनिया ही बदल गई। ऐसे श्रद्धालुओं को पं. प्रदीप मिश्रा मंच पर बुलाकर बेल पत्र भी देते हैं।